**गरबा महोत्सव** | भक्ति और उत्साह संग शुरू हुए नवभारत और वैश्य महासम्मेलन के पारिवारिक गरबा महोत्सव के दूसरे दिन भी रही धूम, संगीत, नृत्य और संस्कृति का अनूठा संगम बना गरबा महोत्सव

# भक्ति और उल्लास का संगम : भव्य पारिवारिक गरबा महोत्सव में झूमें श्रद्धालु











**नवभारत, कटनी।** नवरात्रि पर्व की श्रद्धा और उत्साह के बीच शहर का प्रथम सबसे बड़ा दो दिवसीय पारिवारिक गरबा महोत्सव रंग, संगीत और भक्ति का अद्भुत संगम बन गया। बुधवार की रात महोत्सव के दूसरे दिन आदर्श कॉलोनी स्थित मुहूर्त गार्डन में गरबे की थाप पर प्रतिभागी देर रात तक झूमते नजर आए। नवभारत और वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन ने नवरात्रि की आध्यात्मिकता को संस्कृति और परंपरा से जोड़ते हुए एक भव्य मंच दिया।

गरबा गीतों की सुरमयी धुन और ढोल की थाप पर प्रतिभागी थिरकते रहे। माता दुर्गा की भक्ति में लीन हजारों श्रद्धालुओं ने पारंपरिक नृत्य से वातावरण को भक्तिमय और उल्लासमय बना दिया। आकर्षक गरबा नृत्य, पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहीं।

महोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ दीप प्रज्वलन और मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से हुई। समिति के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नवरात्रि की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना भी है।

शहरवासियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसने नवरात्रि उत्सव में नई ऊर्जा का संचार किया है। हर आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता ने इसे सच्चे अर्थों में पारिवारिक महोत्सव बना दिया। इस गरबा महोत्सव ने जहां माता दुर्गा की भक्ति को चरम पर पहुंचाया, वहीं परंपरागत लोकनृत्य और संस्कृति को भी जीवित रखा। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं, बल्कि यह सामूहिक उत्सव और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। गरबा महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत से पहले नवभारत समाचार पत्र के संपादक अविनाश दीक्षित, सहायक महाप्रबंधक निर्मल सिंह परिहार, एचआर गोविंद दुबे और कटनी ब्यूरो चीफ वैभव अंशुल बहरे का सम्मान किया गया। इस गरिमामय अवसर पर पूरा नवभारत परिवार मौजूद रहा। नवभारत और वैश्य महासम्मेलन गरबा महोत्सव में इस बार इंस्टाग्राम रील्स का खासा क्रेज देखने को मिला। प्रतिभागियों ने बताया कि महोत्सव का गरबा न सिर्फ मंच पर बल्कि सोशल मीडिया पर भी जमकर धूम मचा रहा है।

प्रतिभागी और दर्शक लगातार रील बनाकर साझा कर रहे थे। नवरात्रि के पावन अवसर पर नवभारत और वैश्य महासम्मेलन गरबा महोत्सव के मंच से नवभारत के सहायक महाप्रबंधक निर्मल सिंह परिहार ने विशेष घोषणा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही सुरुचि कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

उन्होने ने कहा कि इस प्रतियोगिता में महिलाओं की शुरू से ही गहरी रुचि देखने को मिली है और आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। महोत्सव स्थल पर इस घोषणा का उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश सोनी, बालमुकुंद गुप्ता, दयाशंकर कनकने, भाजपा रजत जैन सहित काफी संख्या प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

## एक नजर में



### श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवभारत, बाकल।** बहोरीबंद से चार किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध तिगांव देवी धाम में श्री श्री 1008 बनवारी दास जी महाराज भरभरा आश्रम के सानिध्य में 22 सितंबर से श्री शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित अभिषेक नंदन शास्त्री जी अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवा रहे हैं। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं और भक्ति भाव में डूब रहे हैं। पंडित अभिषेक नंदन शास्त्री जी ने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन की कठिनाइयों को हंसते हुए पार कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। यह हमारे चारों ओर नई ऊर्जा का संचार करती है और हर व्याधि से लड़ने का साहस प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा एक अमृत समान है, जिसका जितना भी रसपान किया जाए, आत्मा की तृप्ति नहीं होती। हर बार इसमें नया ज्ञान और प्रेरणा प्राप्त होती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि, कथा श्रवण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है और तिंगवा धाम में आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।

### जिले में अब तक 1069 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 24 सितम्बर तक 1069.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 1134.7 मिलीमीटर, रीठी तहसील में 1429.4, बड़वारा में 966, बरही तहसील में 944 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 927.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में 942.1 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 1203.6 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील में 1001.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराया हाइवा

**ब्रेक फेल होने से हुई घटना, जनहानि नहीं होने से बड़ा हादसा टला**



**नवभारत,उमरियापान।** माधव नगर थाना अंतर्गत अमीरगंज में एक तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया। गनीमत रही कि इस दौरान वहां पर कोई मौजूद नहीं था, लिहाजा बड़ा हादसा टल गया। घटना हाइवा को ब्रेक फेल होने से हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दिया था। जानकारी के अनुसार अमीर गंज में हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर खैर माता मंदिर की ओर आ रहा था। हाइवा काफी रफ्तार में था, इसी दौरान हाइवा बिजली के पोल से टकरा गया। हादसे में हाईवा वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हादसे के प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि चालक की सूझ-बूझ से एक बड़ी जनहानि होने से टल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बिजली पोल से हाइव के टकराने के कारण बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए बाधित रही। जिसमें सुधार कर कर बिजली बहाल कर दिया की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## राजस्थान के सायबर ठग को बेची गई बहोरीबंद से एक्टीवेटड सिम

**दूसरों के आधार कार्ड और पहचान पत्र लगाकर एक्टिवेट कराई गई सिम**



**नवभारत बहोरीबंद।** जिले के बहोरीबंद क्षेत्र में सायबर ठगी करने के लिए दूसरे व्यक्तियों के पहचान संबंधी दस्तावेजों को लगाकर सिम लेने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी मसंधा गांव निवासी संदीप पिता होरीलाल लोधी को मुखबिर की सूचना पर सिंदूरसी रूपनाथ रोड की पुलिया के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि उसने सलमान, मुस्तकिन और अब्राहिम के साथ मिलकर सीधे-साधे लोगों को एयरटेल एजेंट जितेन्द्र बर्मन और आदर्श चौधरी के पास लाकर उनके आधार व पहचान पत्र का उपयोग कर उनके नाम से धोखाधड़ी सिम एक्टीवेट करा लेते थे। इन्हीं सिमों से लाखों का सायबर फ्राड करते थे एक्टीवेट कराई हुई सिमों को राजस्थान के राशिद खान को बेचा गया है। राशिद खान व्दारा एक्टीवेट सिमो का उपयोग सायबर फ्राड मे करना बताया गया है। आरोपी संदीप लोधी की तीन दिन की पुलिस रिमांड ली गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी संदीप लोधी से एक मोबाइल और सिम कार्ड जब्त की गई है। रिमांड के दौरान पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी। पुलिस ने बताया कि झरौली गांव निवासी मूरत सिंह ने 4 सितंबर 2025 को शिकायत की थी कि आधारकार्ड, फोटो और अगूठे का प्रिन्ट लेकर धोखाधड़ी कर उसके नाम से फर्जी सिम एक्टीवेट की गई है। जिस पर पुलिस ने पाकर निवासी जितेन्द्र बर्मन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने जितेंद्र बर्मन, आदर्श चौधरी और मुस्तकीन खान को गिरफ्तार किया था।

इसी मामले में पुलिस टीम प्रकरण के अन्य आरोपी संदीप लोधी, अब्राहिम खान, सलमान खान की तलाश में दबिश दे रही थी। इसी बीच आरोपी संदीप लोधी के संबंध में जानकारी मिली। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, एसआई धनजंय पांडेय, एएसआई अनुराग पाठक, आरक्षक अतुल श्रीवास्तव, दीपक सिह, अतुल जैन और बृजेश सिंह की भूमिका रही।

## बूथ स्तर तक चलाया जाएगा वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू किया गया हस्ताक्षर अभियान**



**नवभारत कटनी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिले में वोट चोर, गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की कर दी गई है। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मध्यप्रदेश के सह प्रभारी रणविजय सिंह, जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला प्रभारी बीरेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रदेश के सह प्रभारी रणविजय सिंह ने कहा कि देश-प्रदेश में वोट चोरी की सरकारें चल रही है। यह बात आम जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता की है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि जिले के बूथ स्तर तक भाजपा द्वारा जिस तरह से वोट चोरी करके आम जनता के साथ धोखा कर सत्ता में काबिज हैं उसकी हकीकत जनता तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत कर दी गई है। अब जिले के सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे बूथ कि स्तर तक पहुंच कर वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को बताए। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अभियान में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी निभाने होगी। इसके बाद कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर किए। पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं को इस अभियान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला प्रभारी बीरेंद्र द्विवेदी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, पप्पू बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष विजय पटेल, गुमान सिंह, करण सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता डॉ केएल जैन, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा, महसूद खान बिट्टू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आंनद मिश्रा, विकास निगम, प्रदीप त्रिपाठी, रंजीत सिंह, नरेंद्र सैनी, महेन्द्र जैन, रविन्द्र बाजपेयी, कल्लूदास बैरागी, नरेंद्र पौराणिक सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## हॉका गैंग ने पहली बार सड़कों से हटाए मवेशी

**शहर की सड़कों से हटाए गए 175 बेसहारा मवेशी**



**नवभारत कटनी।** नगर निगम की हॉका गैंग ने पहली बार अपने नाम के अनुरूप शहर की सड़कों में आवारा घूम रहे बेसहारा मवेशियों को हांकते हुए हटाया। नगर निगम की टीम ने आवारा मवेशियों को हांकते हुए शहर की सड़कों से हटाया। इससे पहले नगर निगम की हॉका गैंग की टीम बेसहारा मवेशियों की शहर की सड़कों से बेरहमी पूर्वक हटाती थी, मवेशियों के कहीं सिर पर रस्सी बांधी जाती थी तो कहीं उसके और पूंछ को खींचकर वाहन में चढ़ाया जाता था, जिसके कारण सड़क पर आवारा घूम रहे बेसहारा मवेशी चोटिल हो जाते थे। हॉका गैंग ने सड़कों से हॉक मवेशियों को हटाने का कार्य नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार की हिदायत के बाद शुरू किया गया है। नगर निगम के स्वास्थ विभाग के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दीपक मलिक ने बताया कि आवारा मवेशियों के सार्वजनिक मार्गो में हटाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की टीम ने चांडक चौक, जालपा मंदिर क्षेत्र आस-पास, माधव नगर गेट, विश्राम बाबा गेट, दुगाड़ी नाला, कार्यालय कलेक्ट्रेट से लेकर पीर बाबा तक सार्वजनिक मार्गो में आवारा रूप से विचरण करने और बैठने वाले लगभग 175 मवेशियों को हांकते हुए नगर निगम की सीमा से बाहर किया गया।

## देवी जागरण में की जाए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती

**जिला पंचायत सदस्य ने की कलेक्टर और एसपी से मुलाकात**



**नवभारत,उमरियापान।** जिले के सिलौंडी क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य और सभापति कविता पंकज राय ने कलेक्टर आशीष तिवारी से मुलाकात कर सिलौंडी क्षेत्र के नवरात्र के दौरान धार्मिक आयोजन में आवशक पुलिस व्यवस्था बनाने पत्र दिया है। मां वीरासन देवी में भक्तों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था बनाने की मांग की है। एसपी अभिनय विश्वकर्मा से मुलाकात कर मां वीरासन देवी मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल की मांग की गई है, साथ ही चल समारोह में भी सिलौंडी, दशरमन, कछार गांव, मुरवारी में अधिक प्रतिमा होने के कारण अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने की मांग की है। मां वीरासन देवी में 29 सितंबर को देवी जागरण में काफी संख्या में भक्तो की आने की संभावना को देखते हुए आवश्यक पुलिस बल भेजने पत्र सौंपा गया है। गौरतलब है कि हर वर्ष मां वीरासन देवी मंदिर में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज के माध्यम से भंडारा और देवी जागरण का कार्यक्रम कराया जाता है। जिसमें काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहती है।

## नशे से होते हैं शरीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने कॉलेज के छात्रों को किया जागरूक**



**नवभारत कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सरकारी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड की जानकारी देने और साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए जागरूक करने पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया और एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने छात्र-छात्राओं से कहा कि ग्राम रक्षा और नगर रक्षा समितियों से जुड़कर स्वयं सेवा कर अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें। छात्रों को यह भी बताया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आधुनिक तकनीक को समझना और जागरूक होना बहुत जरूरी है अपनी व्यक्तिगत और गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने से बचें। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने छात्रों से कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, ताकि हादसा होने की स्थिति में उनके सिर में चोट नहीं लगे और उनका जीवन बच सके।

छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए छात्राओं से कहा कि गोपनीय रूप से पुलिस को जानकारी दें, उसी के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे से किसी भी इंसान को चार प्रकार के नुकसान होते हैं। होती जिसमें सबसे पहले शारीरिक, फिर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान शामिल है। उन्होंने कहा कि नशे से बचें, नशा जीवन तबाह कर देता है।

**बैठक** | सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के प्रति बने संवेदनशील, कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

## 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए चलाएं विशेष अभियान



**नवभारत,कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता बरतें, आवेदकों से संवाद करें और शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डी श्रेणी और स्टेट रैंकिंग से कम प्रगति वाले विभागों के कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए 10 विभागों को अपने कार्यों में सुधार लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में राजस्व विभाग, वित्त विभाग, खनिज साधन विभाग, किसान कल्याण और कृषि विकास, सामान्य प्रशासन विभाग, योजना आर्थिक और सांख्यिकी विभाग, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, श्रम विभाग में अधिक संख्या में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अभियान चलाकर शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा को 50 दिवस से अधिक लंबित मामलों के प्रपत्र लगातार समीक्षा करने के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीपीग्राम से प्राप्त शिकायतों और समाधान ऑनलाईन के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन की व्यवस्थित समीक्षा करने के उद्देश्य से निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में जहां सभी विभागों के जिला अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। तो वहीं तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित कृषि, महिला और बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, विद्युत सहित अन्य विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समय-सीमा बैठक से वर्चुअली जुड़ेंगे। साथ ही कलेक्टर ने विभागों के जिला अधिकारियों को जनसुनवाई में स्वयं मौजूद रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर निगम और जनपद पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराया जाना तय करें। ताकि हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नहीं होने पाए। बैठक में नगर निगम आयुक्त और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल मौजूद रहें।

## शेयर मार्केट में फायदा दिलाने का झांसा देकर 66 लाख की ठगी

**नवभारत कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत एसकेपी स्थित रेलवे क्वाटर निवासी एक महिला से शेयर मार्केट में निवेश कराकर फायदा कराने का झांसा देकर लगभग 66 लाख 60 हजार रूपए की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि एसकेपी स्थित रेलवे क्वाटर निवासी मोनिका वर्मा पति अभय कचेर (43) वर्ष से अज्ञात आरोपी ने मोबाइल एप के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश कराने के नाम पर 66 लाख 60 हजार रुपए की ठगी की है।

पुलिस ने बताया कि ठगी करने वाले ने महिला को भरोसे में लेकर शेयर बाजार से अधिक लाभ दिलाने का लालच दिया। धीरे-धीरे मोबाइल एप के जरिए 66 लाख 60 हजार रूपए निवेश के नाम पर ऑनलाइन ठगी कर हड़प लिए गए।


